राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक 1652/परीक्षा/रा.मा.तो.वि.वि./2017 ग्वालियर, दिनांक 11.08.2017

प्रति,

समस्त प्राचार्य
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषयः– शिक्षा सत्र 2017–18 के लिए नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के नामांकन के सबंध में।

शिक्षा सत्र 2017–18 प्रारम्भ हो चुका है तथा विद्यार्थी विभिन्न पाठयक्रमो में प्रवेश ले रहे है जिसकी ऑन लाइन फॉर्म जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 16.8.2017 तक बढाई गई है। नवीन **ऑनलाइन** प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का विश्वविद्यालय में नामांकन आवश्यक है। इस हेतु विश्वविद्यालय की वेवसाइट से नामांकन फॉर्म का प्रारूप लेकर उसे प्रत्येक नवीन विद्यार्थी से **ऑफलाइन** भरवाकर निर्धारित नामांकन शुल्क रूपये 250/– के ड्राफ्ट (जो केवल राष्ट्रीयकृत बैंको का ही होना चाहिए) के साथ भेजे जो दिनांक 31.08.2017 तक विश्वविद्यालय में पहुच जाना चाहिए।

जिन विद्यार्थियो का प्रवेश आफलाइन हुआ है, उनके नामांकन **ऑनलाइन** भरना अनिवार्य है। एसे विद्यार्थियो के नामांकन दिनांक 17.08.2017 से 31.08.2017 तक **ऑनलाइन** भरवाकर नामांकन शुल्क रूपये 250/– के साथ विश्वविद्यालय को भेजना अनिवार्य होगा।

विलम्ब शुल्क रूपये 50/– के साथ दिनांक 10.09.2017 तक नामांकन स्वीकार किये जाऐगे अतः नामांकन फॉर्म भेजते समय उक्त तिथियों का कृपया विशेष ध्यान रखे।

नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनो के साथ छात्रों के प्रवेश लेते समय सम्बधित पाठयक्रम अनुसार निर्धारित योग्यता की अकंसूचियों की छाया प्रति शाला त्याग प्रामाण पत्र अथवा माइग्रेशन प्रामाण पत्र, यदि छात्र अन्य विश्वविद्यालय या बोर्ड से आया हो की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त दस्तावेजों के अभाव में नामांकन स्वीकार नही किये जाऐगे तथा ऐसे छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी ।

कृपया उपरोक्त निर्देशानुसार समस्त नामांकन फॉर्म निर्धारित फीस के साथ दिनांक 31.08.2017 तक विश्वविद्यालय में पहुचाने का कष्ट करें।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :–**

1. मान. कुलपति जी रा.मा.तो.वि.वि., ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्ययनशाला, रा.मा.तो.वि.वि.ग्वालियर।
3. परीक्षा विभाग, रा.मा.तो.वि.वि.,ग्वालियर।
4. वित्त नियंत्रक, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर।
5. समस्त विभाग, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर।

कुलसचिव

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.)–0751–4031934 फैक्स नं0 0751–4031934 निवास–0751–2442800
E-mail registrar.music2008@gmail.com
Exam.rmtmusic@gmail.com